

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 01 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 12 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कार्यालय-आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी जनपद-सिद्धार्थनगर







## नगर की सम्मानित जनता को


### नव वर्ष-2023 एवं मकर संक्रांति

### की हार्दिक शुभकामनाएं










## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में निकाय को सर्वोच्च स्थान दिलाने में सहयोग प्रदान करें।



**संजीव रंजन**
जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर



**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर



**विन्ध्याचल**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बांसी,सिद्धार्थनगर

### आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी द्वारा कराये गये महत्वपूर्ण कार्य




1. नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क का निर्माण कार्य।
2. आर्य नगर में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।
3. आजाद नगर में पोखरे का सुन्दरीकरण का कार्य।
4. शास्त्री नगर में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।
5. गौतम बुद्ध नगर एवं शंकर नगर में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।
6. अशोक नगर में बउरहवा बाबा रोड का सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।
7. सुभाष नगर में वाटर ए.टी.एम. की नि:शुल्क व्यवस्था।
9. कूड़ा निस्तार हेतु डम्पिंग एवं एम.आर.एफ. सेन्टर का निर्माण कार्य।
10. बांसी नगर के विभिन्न वार्डो में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य।
11. पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन विस्तार का कार्य।



**मो. इद्रीश राईनी पटवारी**
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद बांसी, सिद्धार्थनगर

**दो गज की दूरी। मास्क है जरूरी॥**

**सभासदगण**

कपिल देव–नेहरू नगर, फूल चन्द्र–राप्ती नगर, राज लक्ष्मी–पटेल नगर, अजय कुमार शुक्ल–आजाद नगर, संध्या देवी–पंत नगर, मंगल प्रसाद चौरसिया–आर्य नगर, बजरंगी–प्रताप नगर, जरीना खातून–श्याम नगर, सालिक राम–रानीलक्ष्मी नगर, लक्ष्मन निषाद–सुभाष नगर, प्रवीन बेगम–अशोक नगर, साकिर–निराला नगर, विश्राम–अम्बेडकर नगर, सैय्यद मोहम्मद कुतुब–ईशा नगर, हुस्न आरा बानो–शास्त्री नगर, जुबैदा–निषाद नगर, रविन्द्र कुमार वर्मा–शंकर नगर, मीना निषाद–इन्दिरा नगर, राम गोपाल अग्रहरि–गौतमबुद्ध नगर, परमात्मा प्रसाद–पशुपति नगर, अनवर जहाँ–गाँधी नगर, चन्द्र कुमार–राजेन्द्र नगर, अकबर अली–टेकघर नगर, मो. इरफान बाकर–अकबर नगर

**मनोनीत सभासदगण**

सन्तराम आजाद, कुबेर बारी, सन्तोष त्रिपाठी, आनन्दमणि त्रिपाठी

## एवं समस्त नगर पालिका परिषद बाँसी के कर्मचारीगण

# श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता





**■ रवि अग्रवाल समेत पत्नी उमा अग्रवाल ने कथाव्यास से लिया आशीर्वाद**
**■ विधायक विनय वर्मा समेत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने भी उठाया कथा श्रवण का लाभ**

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ नीबी दोहनी में चल रहे संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक कमलदास महाराज ने श्रीकृष्ण जी की लीला एवं श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। कथा के अनुक्रम में समाजसेवी रवि अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी उमा अग्रवाल ने कथाव्यास से कथावाचक कमलदास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक कमलदास ने श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण–रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा में आये आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पूरे बारातियों का स्वागत किया। कथा प्रसंग में कमलदास जी ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान नीरज ओझा, क्षीरज ओझा, रवि अग्रवाल, उमा अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुओं के कथा का आनंद उठाया। इस दौरान व्यवस्थापक अजय शंकर मिश्रा, राकेश कुमार श्रीवास्तव, पवन ओझा, मनीष श्रीवास्तव, लल्ला कसौधन, राजेश कुमार गुप्ता, कैलास पटवा, टिंकू पटवा, महेश कसौधन, आशीष कुमार राव आदि मौजूद रहे।

## अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने नगर वासियों को दी नव वर्ष की बधाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। आदर्श नगर पालिका वासी के अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने शनिवार को 9 वर्ष 2023 के आगमन को लेकर नगर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं मो इद्रीश पटवारी ने कहा कि आज पूरा देश नए वर्ष के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा है। इस शुभ घड़ी में मैं पूरे बांसी नगरपालिका के रहने वालों के जीवन में खुशियां लाने के लिए ऊपर वाले से प्रार्थना करूंगा यह नया वर्ष पूरे नगरपालिका वासियों के लिए मंगलमय हो इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने सभी लोगों से मिलकर बधाई भी दी।



## करुवाल कला मैं बिजली के जर्जर तारों को बदलने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित सुधीर पांडेय उर्फ फरसा बाबा ने ज्ञापन के माध्यम से विकासखंड लोटन के ग्राम सभा करूवालकला में विद्युत विभाग द्वारा 11000 की सप्लाई को बदल कर यलटी में परिवर्तन करने की मांग की साथ ही जर्जर विद्युत पोल व तारों को भी बदलने की मांग रखते हुए सांसद को ज्ञापन दिया आपको बता दें कि विकासखांड के करूवालकला में 11000 की सप्लाई गई हुई है। जिस के नाते आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने एलटी कनेक्शन में परिवर्तित करने की मांग की है। शनिवार को अध्यक्ष सुधीर पांडेय उर्फ फरसा बाबा ने सांसद जगदंबिका पाल से मिलकर ज्ञापन देते हुए समस्याओं के समाधान की अपील की इस मौके पर उनके साथ मनोज कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, राजन पांडे, आशुतोष पांडेय, श्रीकांत पांडेय, अरविंद कुमार पांडेये, शिव शंकर पांडे, आदि लोग मौजूद रहे।



## सौरभ पाण्डेय बने विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रान्त के 62वें प्रान्त अधिवेशन जनपद देवरिया में सिद्धार्थनगर जनपद के अभाविप के पूर्व जिला सह संयोजक सौरभ पाण्डेय को गोरक्षप्रान्त का प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इस दौरान सौरभ ने कहा कि अभाविप संगठन के तरफ से जो दायित्व मिला है। उसको पूरे कर्तव्य निष्ठा के साथ निभायेंगे। अभाविप से सभी छात्र छात्राओं को जुड़ना चाहिए। अभाविप राष्ट्रीय पुनरू निर्माण का एक मात्र विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इस दौरान व्यक्तिगत काल या सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों में अभाविप के पूर्व प्रदेश सहमंत्री शिवशक्ति शर्मा, सौरभ त्रिपाठी, प्रतीक पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, रामगोपाल त्रिपाठी, अंबुज पाण्डेय, आदि लोगों ने बधाई दी।



# करियर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में हुआ पुरुस्कार वितरण समारोह






दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील रोड पर स्थिति करियर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवंबर माह में आयोजित टाइपिंग टेस्ट में टॉप थ्री बच्चों को पुरुस्कार दिया गया। पुरुस्कार प्राप्त करने के बाद बच्चों की खुशी का ठिकाना नही रहा। इस पुरुस्कार वितरण समारोह में जहां कई बच्चों ने चुटकुले, शायरी और देशभक्ति गीतों से लोगों का मनोरंजन किया तो वही मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों के लिए कंप्यूटर की शिक्षा पर विशेष प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा रोजगार के कई रास्ते खोलता है इसलिए आप लोग इस शिक्षा को पूरे मन से ग्रहण करें। संस्थान के डायरेक्टर अरुणेश पाण्डेय ने बताया कि हमारा संस्थान पिछले 12 वर्षों से चल रहा है और अब तक हमारे संस्थान से सैकड़ों बच्चे रोजगार प्राप्त करके अपना भविष्य बना चुके हैं। आज जो पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम हो रहा है उसका टेस्ट नवम्बर माह में आयोजित हुआ था जिसमें अमन पाण्डेय को पहला अनम फातिमा को दूसरा और पूजा अग्रहरि को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए बताया कि हमारा संस्थान समय समय पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करता रहता है जिससे ना सिर्फ बच्चों का उत्साह बना रहे बल्कि साथ ही उनके अंदर कम्पटीशन की भावना भी बनी रहे। इस अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल के प्रिंसिपल फादर सेबेस्टीयन, वरिष्ठ समाजसेवी राम नेवास पाण्डेय, ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया, टीचर भूपेंद्र, सूरज समेत सुखलीन कौर, आदित्य, प्रशांत, गार्गी, अफरोज, मिथलेश अंजलि, सिद्धार्थ, अमन खान, विकास, मासूम अली, राजन समेत संस्थान के बच्चों समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में संस्थान के डायरेक्ट अरुणेश पाण्डेय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नए साल की शुभकामनायें दी।

## 27 परसेंट के साथ नगर निकाय चुनाव कराने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवजन सभा समाजवादी पार्टी के नेता कमाल अहमद खान ने जिला अधिकारी लखनऊ के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन देते हुए मांग किया है कि नगर



निकाय निर्वाचन नियमावली के तहत ओबीसी के लिए 27ः सीटें सुनिश्चित कर नगर निकाय चुनाव संपन्न कराने साथ ही कोर्ट के आदेश पर जल्द से जल्द चुनाव कराने की भी अपील की, कमाल अहमद खान ने ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव में पिछड़ा वर्ग को 27ः पर्सेंट का आरक्षण दिया गया है। उसी पर चुनाव होना चाहिए इस दौरान उनके साथ कई समर्थक मौजूद रहे।

## हीराबेन मोदी का कर्जदार रहेगा देशः गुड्डु त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की माता के निधन का समाचार सुनते ही जहां जनपद में शोक की लहर हो





गई वहीं उनके चाहने वालों ने भी लगातार श्रद्धांजलि देते हुए आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन करते नजर आए। जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भाजपा के संभावित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुड्डू त्रिपाठी और नीलम त्रिपाठी ने शोक सभा का आयोजन किया। यह शोक सभा का आयोजन उनके जनसंपर्क कार्यालय जिला मुख्यालय पर किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता स्वर्गीय हीराबेन मोदी की आत्मा की शांति के लिए लोगों ने प्रार्थना की। गुड्डू त्रिपाठी ने हीराबेन मोदी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरा देश हीराबेन मोदी का कर्जदार है उन्होंने ऐसे सपूत को जन्म दिया है। जो भारत के मस्तक को पूरे विश्व में ऊंचा कर रहा है आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने का सपना देखने लगा है गुड्डू त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस दुख की घड़ी में पूरा भारत व जनपद सिद्धार्थनगर उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लड्डू मिश्रा, गौरव पंडित, रवि दुबे, अरुण श्रीवास्तव, दिलीप मिश्रा, सभासद धनंजय सहाय, शक्ति तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, अमानुल्लाह खघन, विनोद बजाज, अवधेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी की माँ के निधन पर शोकसभा का आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन के निधन पर शोहरतगढ़ तिरंगा तिराहा स्थित भाजपा कैम्प कार्यालय पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता की अगुवाई में शोकसभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

शोकसभा कार्यक्रम में आये भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने हीराबेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन उनके प्रति अर्पित की।

अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी माँ हीरा बेन जी ने अत्यंत कठिन और संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए जो संस्कार अपने परिवार को दिए, उसी से नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व देश को मिला है। कार्यक्रम में आये भाजपा पदाधिकारियों ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सादगी की प्रतिमूर्ति मां हीरा बा को हम सब भारतीयों का नमन है। नमन है उस जननी को जो सभी जननियों के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा राघवेंद्र द्विवेदी ने की।

इस दौरान डाक्टर प्रमोद पाण्डेय, विशुनदेव तिवारी, अमित गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, सौरभ मद्धेशिया, गोलू पासवान, सोनू निगम, अशोक दुबे, राजेश कसौधन सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता व समर्थकों की उपस्थिति रही।

## नील गाय का शिकार करते तीन युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। भारत नेपाल सीमा के कपिलवस्तु



जिले के यशोधरा गाऊ पालिका वार्ड नंबर आठ सिहोखोर बाणगंगा नदी के किनारे नील गाय की हत्या करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीमा थाना मर्यादपुर की टीम ने गिरफ्तार व्यक्तियों को नील बीफ के साथ प्रभाग वन कार्यालय कपिलवस्तु को सौंप दिया। उप वन प्रमंडल कार्यालय चेतरादेई के सहायक वन अधिकारी प्रेमी लाल प्रसाद साह ने बताया कि, नील गाय के मारे जाने की सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिन्हे मांस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान यशोधरा गाऊ पालिका वार्ड नंबर आठ के सीहोखोर निवासी 32 वर्षीय जमील अहमद चौधरी, महराजगंज वार्ड नंबर 2 पडरिया के 38 वर्षीय नसरुल्ला व 21 वर्षीय मोहम्मद इमरान के रूप मे हुई। सहायक वन अधिकारी साह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पर वन्य जीव अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 01 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 12 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# 2023 चुनाव से पहले एक्शन मोड में दिख रही बीजेपी

## अमित शाह ने JDS के गढ़ में डाला डेरा



बंगलुरू। कर्नाटक में आगामी साल 2023 में विधानसभा चुनाव होंगे। सभी राजनीतिक दल चुनाव जीतनें की तैयारियों में जुट गए हैं। आगामी विधानसभा के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं, भाजपा ने भी इसके मद्देनजर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2023 के चुनावों से ठीक पहले केएस ईश्वरप्पा और रमेश जारकीहोली जैसे असंतुष्ट भाजपा विधायकों को समायोजित करने के लिए बहुप्रतीक्षित कर्नाटक सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को आज हरी झंडी दे दी। उन्होंने मई में होने वाले राज्य में 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले ग्राउंड लेवल की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए कर्नाटक में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र, भाजपा महासचिव और राज्य प्रभारी अरुण सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष और राष्ट्रीय सचिव सीटी रवि जैसे पार्टी के अन्य नेता उपस्थित थे। भाजपा पुराने मैसूर क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जो जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ है। सत्तारूढ़ दल को इस क्षेत्र में अपनी पहली जीत 2019 में ही मिली, जब जद (एस) के एक नेता ने उनके साथ शामिल होने के लिए पाला बदल लिया। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) प्रमुख एचडी देवेगौड़ा के साथ मंच साझा करते हुए, अमित शाह ने पुराने मैसूरु क्षेत्र के हिस्से मांड्या जिले के मद्दुर तालुक में मेगा डेयरी संयंत्र का उद्घाटन किया, जिसकी क्षमता लगभग 14 लाख लीटर संसाधित करने की है। अमित शाह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि सिद्धारमैया, जिन्होंने 2013 से 2018 तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने अब प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ मामले वापस ले लिए। राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया और इसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया। मांड्या के पास सात विधानसभा सीटें हैं– छह जद (एस) के पास और एक भाजपा के पास है, जिसे उसने उपचुनाव में जीता था। उन्होंने कहा, ष्जद (एस)–कांग्रेस को कई मौके दिए गए हैं और वे बारी–बारी से करते रहे हैं। इस बार मांड्या और मैसूरु में कमल खिलेगा। हम बहुमत हासिल करेंगे।

### गुजरात के नवसारी में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

# लग्जरी बस और कार की भिड़ंत, नौ की मौत और कई घायल




नवसारी। गुजरात के नवसारी जिले में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में एक लग्जरी बस और एसयूवी की टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। इस एक्सिडेंट में लगभग 30 लोग घायल हुए है। ये जानकारी पुलिस ने दी है। एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर पुलिस व राहत टीम ने मौके पर पहुंच कर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां सभी का इलाज जारी है। नवसारी के पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के वेस्मा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त बस वलसाड जा रही थी, जबकि एसयूवी सामने से आ रही थी। उपाध्याय के मुताबिक, हादसे में बस चालक के साथ–साथ एसयूवी में सवार नौ लोगों में से आठ की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एसयूवी में यात्रा कर रहे लोग गुजरात के अंकलेश्वर के रहने वाले थे और वलसाड से अपने गृहनगर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक लग्जरी बस के ड्राइवर को बस चलाते समय दिल का दौरा पड़ा। दौरा पड़ने से उसका बस से नियंत्रण छूट गया और इस कारण हादसा हो गया। हादसे के बाद ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि लग्जरी बस अहमदाबाद शताब्दी महोत्सव के यात्रियों को लेकर वलसाड जा रही थी। यात्रा के दौरान रेश्मा गांव के पास लग्जरी बस और एसयूवी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस एक्सीडेंट के बाद रोड पर लंबा जाम लग गया है। जाम को खुलवाने के लिए पहले क्रेन की मदद से बस को साइड किया गया, जिसके थोड़े समय बाद ट्रैफिक जाम खत्म हुआ।

### गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख

*इस हादसे को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने ट्विट कर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्विट किया गुजरात के नवसारी में सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। इस त्रासदी में जिन लोगों ने अपने परिवारों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। ईश्वर उन्हें दुख सहने की शक्ति दे। स्थानीय प्रशासन घायलों को तत्काल उपचार दे रहा है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।*

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ की सीएम भूपेश बघेल ने मुलाकात

## राज्य के कई विषयों पर की अहम चर्चा



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आज दिल्ली में मुलाकात की है। उन्होंने पीएम के निवास पर प्रधान शिष्टाचार भेंट की है। भूपेश बघेल ने पीएम की मां हीराबेन मोदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया, जिनका निधन कल 100 साल की उम्र में हुआ है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।ष पुरानी पेंशन योजना को लेकर हुआ बड़ा फैसलाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों और राज्य के कई लंबित मुद्दों पर भी प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन योजना को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है।

# MP Politics: राम, हनुमान पर बीजेपी का पेटेंट नहीं... उमा भारती का बयान



नई दिल्ली। भाजपा नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भगवान राम और हनुमान पर एकाधिकार करने के लिए अपनी पार्टी पर निशाना साधा। उमा भारती ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा को यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि अन्य भगवान राम या हनुमान के भक्त नहीं हो सकते। उमा भारती ने चुटकी लेते हुए कहा कि देवता किसी जाति या धर्म से बंधे नहीं हैं। भगवान राम और भगवान हनुमान भाजपा के पार्टी कार्यकर्ता नहीं हैंय जनसंघ के अस्तित्व से पहले या मुगलों और अंग्रेजों के शासन से पहले भी देवताओं का अस्तित्व था। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर बीजेपी नेता ने कहा कि श्मैं राहुल से पूछना चाहती हूं कि वह भारत को टुकड़ों में कहां देखते हैं? वास्तव में धारा 370 के निरस्त होने से भारत मजबूत हुआ। भारत केवल एक बार खंडित हुआ था जब कांग्रेस ने देश के विभाजन का नेतृत्व किया था। अगर कांग्रेस वास्तव में भारत को एकजुट करना चाहती है, तो उसे उन क्षेत्रों को एकजुट करने की बात करनी चाहिए जो विभाजन से पहले भारत का हिस्सा थे। उमा भारती भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर द्वारा की गई हालिया टिप्पणी के समर्थन में भी आईं, जिसमें उन्होंने हिंदू समुदाय से अपने घरों में हथियार रखने का आग्रह किया था। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के समर्थन में उमा भारती ने कहा कि हथियार रखना गलत नहीं है, हालांकि, किसी को आक्रामक मानसिकता नहीं रखनी चाहिए।

# दिल्ली में साल के अंतिम दिन कई इलाकों में छाया कोहरा, 10.2 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में



शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 90 फीसदी दर्ज की गई। वहीं, अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली में सुबह घने कोहरे के बाद दिन में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के मुताबिक, पालम में शुक्रवार देर रात एक से दो बजे के बीच दृश्यता घटकर 250 मीटर रह गई, जो शनिवार सुबह छह बजे सुधरकर 800 मीटर हो गई। आईएमडी के अनुसार, शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे बठिंडा में दृश्यता 200 मीटर, चंडीगढ़ में 50 मीटर, अंबाला में 25 मीटर, बरेली में 25 मीटर, लखनऊ में 25 मीटर, वाराणसी में 50 मीटर, पटना में 25 मीटर और गया में 50 मीटर रही। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान पिछले 15 दिनों में पहली बार दस डिग्री सेल्सियस के पार गया, लेकिन लोगों को ठंड से मिली राहत के जल्द खत्म होने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, हिमालय से बहने वाली बर्फीली हवाएं उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी का सबब बनेंगी।

# जोरों–शोरों से चल रही त्योहार जल्लीकट्टू की तैयारियां, जनवरी में होगा ये खेल शुरू

मदुरै। दक्षिण भारत का एक खास त्योहार जल्लीकट्टू की तैयारियां जोरों–शोरों से चल रही है। बता दें कि जल्लीकट्टूट, राज्य में जानवरों को वश में करने वाला प्रसिद्ध खेल है। इस खेल को लेकर जल्लीकट्टू पेरावई–तमिलनाडु के अध्यक्ष पी राजशेखरन के खेत में काम भी चालू हैं। श्सेरियाडिक्कुथुश, यह एक तमिल शब्द है, जो बैल की गई तेज आवाज को दर्शाता है। शहरी इलाकों में लोगों के लिए यह शब्द काफी हद तक अज्ञात है। सांड की तेज दहाड़ यानी सेरियाडिक्कुथु ध्वनि पहला संकेत है कि वह लड़ाई के लिए तैयार है। साल 2006–07 से ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जल्लीकट्टू से जुड़े मामले न्यायनिर्णय के लिए अदालतों में पहुंचने लगे थे। राजशेखरन एक पक्ष बन गए और उन्होंने खुद को हर उस मामले का पक्षकार बना लिया, जो इस वार्षिक आयोजन से संबंधित था। वह कहते हैं श्देशी नस्लों को बचाने के लिए जल्लीकट्टू अहम है।श लोग बैल के बछड़ों को बूचड़खानों में बेच देते थे। वे कहते हैं कि कठिन कानूनी लड़ाई ने लोगों को देशी नस्लों के महत्व को और भी बेहतर समझा है। आज, बैल बछड़ों और बैल की मांग उत्कृष्ट है। एक बैल की कीमत 5 लाख रुपए से भी ज्यादा हो सकती है।

# पड़ोसी से अच्छे संबंध चाहते हैं लेकिन...

## जयशंकर के बयान ने बड़े–बड़े देशों में मचाया तहलका



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी साइप्रस यात्रा के दौरान एक संबोधन में पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और चीन को कड़ा संदेश दिया। मंत्री ने कहा कि मूल मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा क्योंकि आतंकवाद से भारत जितना पीड़ित कोई देश नहीं है। उन्होंने कहा, हम बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को सामान्य और युक्तिसंगत नहीं बनाएंगे। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, ष्हम आतंकवाद को कभी भी बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे। हम हर किसी के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं, लेकिन इसका मतलब आतंकवाद को बहाना बनाना या दूर देखना या तर्कसंगत बनाना नहीं है। चीन के साथ सीमा मुद्दों पर एस जयशंकर ने कहा कि कोविड के दौरान चुनौतियां तेज हो गई हैं और चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हैं। हमारी सीमाओं पर चुनौतियां हैं जो कोविड के दौरान तेज हो गई हैं। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प के कुछ दिनों बाद उन्होंने कहा, चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि हम एलएसी को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए सहमत नहीं होंगे। भारतीय और चीनी सैनिक 9 दिसंबर को तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भिड़ गए, 2020 के बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच पहली बार सीमा पर झड़प हुई। चीनी क्षेत्र में एक भारतीय पोस्ट को उखाड़ना चाहते थे, जिसे भारतीय सैनिकों ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया, जिन्होंने चीनी पीएलए सैनिकों का डटकर सामना किया। दोनों पक्षों को मामूली चोटें आने की सूचना है।






# विजिलेंस की रडार पर आए पंजाब के पूर्व सीएम चन्नी, बेटे की शादी के बहाने किया करोड़ों का घोटाला



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरण जीत सिंह चन्नी इन दिनों फिर से चर्चा में आ गए है। अब विजिलेंस का शिकंजा उन पर कसने वाला है। विजिलेंस ब्यूरो को चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ एक शिकायत मिली है। इस शिकायत के आधार पर विजिलेंस विभाग ने जांच शुरू कर दी है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप है कि धोखाधड़ी कर उन्होंने 1.47 करोड़ रुपये के घोटाले को अंजाम दिया है। पंजाब में नवंबर 2021 में दास्तान ए शहादत कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें ये घोटाला किया गया है। जानकारी के मुताबिक 1.47 करोड़ रुपये की ये राशि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने बेटे की शादी में खर्च की है। विजिलेंस विभाग अब इसकी जांच करेगा। बता दें कि चरणजीत सिंह चन्नी के बेटे की शादी 10 अक्टूबर 2021 को हुई थी। इस मामले की शिकायत राज्य पर्यटन विभाग के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक एस के चड्ढा और कार्यकारी अभियंता प्रेम चंद के खिलाफ की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा कि शहादत समारोह मे घोटाला किया गया है, जिसके बाद जांच शुरू की गई है। शिकायत के मुताबिक शहादत कार्यक्रम में 12 रुपये में मिलने वाली चाय को 2000 रुपये का खरीदा गया। वहीं ये अतिरिक्त खर्च चन्नी के बेटे की शादी में खर्च किया गया है।

### हुई सरकारी धन की लूट

शिकायत के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी के बेटे की शादी 10 अक्टूबर 2021 को हुई थी। इस समारोह में हुए अतिरिक्त खर्चे को नवंबर 2021 में आयोजित हुए शहादत कार्यक्रम के खर्चे के तौर पर दिखाया गया है। ये सीधे तौर पर सरकारी धन की लूट को दर्शाता है। बता दें कि इस दौरान पर्यटन विभाग चन्नी के पास था। इस दौरान पर्यटन विभाग ने चन्नी के दिशा निर्देशों पर निविदाएं भी नियमों का उल्लंघन करते हुए जारी की थी, जिसके जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया है।

## सम्पादकीय

**अगर देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति की अवस्था देखें, तो सूरत और चिंताजनक नजर आती है। जब ऐसी चुनौतियां खड़ी हों, तब एक ही रास्ता बचता है कि पूरा देश चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट संकल्प ले और उसके लिए हर कुर्बानी देते हुए तैयारी करे। इस बड़े संकल्प अभियान का नेतृत्व बेशक सरकार...**

# चीन, चुनौती और चेतावनी



चीन से पेश आ रही चुनौती को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जो कहा है, वह काबिल–ए–गौर है। बेहतर होगा कि सरकार उस पर ध्यान दे– हालांकि आज के माहौल में ऐसा सचमुच होगा, इसकी संभावना न्यूनतम है। राहुल गांधी ने मोटे तौर पर दो बातें कही हैं। पहली यह कि चीन और पाकिस्तान ने मिल कर अब एक मोर्चा बना लिया है। यानी जब कभी युद्ध होगा, तो भारत को इन दोनों देशों के खिलाफ एक साथ लडना होगा। दूसरी बात उन्होंने यह कही है कि चीन आर्थिक और तकनीकी रूप से लगातार मजबूत हो रहा है, जबकि भारत में आपसी झगड़े हैं, एक दूसरे खिलाफ नफरत है और भ्रम का माहौल है। दूसरी बात को सत्ताधारी पार्टी अपनी आलोचना समझेगी, इसलिए जाहिर है कि वह पहली बात पर भी ध्यान नहीं देगी। लेकिन यह हकीकत है कि अब दो ढाई मोर्चों (चीन, पाकिस्तान दो पूरे और आतंकवाद आधा) पर युद्ध की बात पुरानी हो चुकी है। पाकिस्तान में चीन–पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन ने अपना इतना बड़ा स्वार्थ पैदा कर लिया है कि पाकिस्तान की रक्षा में उसका अपना हित शामिल हो गया है। उधर चीन से युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान को उसी समय अपने रणनीतिक हित साध लेने का मौका नजर आएगा। इसलिए अगर कभी युद्ध हुआ, तो भारत की सेना को अरुणाचल से लद्दाख और राजस्थान से जम्मू–कश्मीर की सीमाओं पर एक साथ मोर्चा संभालना होगा। अगर भारत ने इस पूरे परिदृश्य को ध्यान में रख कर तैयारी नहीं की तो, जैसाकि राहुल गांधी ने आशंका जताई है, भारत को बड़ा नुकसान हो सकता है। अगर देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति की अवस्था देखें, तो सूरत और चिंताजनक नजर आती है। जब ऐसी चुनौतियां खड़ी हों, तब एक ही रास्ता बचता है कि पूरा देश चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट संकल्प ले और उसके लिए हर कुर्बानी देते हुए तैयारी करे। इस बड़े संकल्प अभियान का नेतृत्व बेशक सरकार और सत्ताधारी पार्टी को ही करना होगा। लेकिन अगर वे देश में हर असहमत आवाज को देशद्रोही करार देने पर तुले हों, यह वाजिब प्रश्न है कि ऐसा करना कैसे संभव हो पाएगा?

# आजाद की पार्टी में संकट

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने बड़े धूम धड़ाके से अपनी पार्टी



का गठन किया था। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पार्टी छोड़ कर उनके साथ जुड़े थे, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद भी शामिल थे। पूर्व मंत्री मनोहर लाल शर्मा और जम्मू इलाके के कई बड़े नेता उनके साथ जुड़े थे। उनकी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी को कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के लिए बड़ा खतरा बताया गया था। लेकिन अब खुद आजाद की पार्टी संकट में है। कुछ नेताओं को वे पार्टी से निकाल रहे हैं तो बड़ी संख्या में नेता उनकी पार्टी छोड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके सख्त व अलोकतांत्रिक रवैए से पार्टी के नेता नाराज हैं तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर पहुंचने से पहले कांग्रेस के कई पुराने नेता वापसी की तैयारी कर रहे हैं। असल में प्रदेश के नेताओं को लग रहा है कि आजाद की पार्टी का भविष्य नहीं है। चुनाव से पहले भाजपा के साथ उनका तालमेल नहीं होगा और दूसरी ओर पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के साथ मिल कर लडने की ज्यादा संभावना है। इसलिए जम्मू क्षेत्र के जो हिंदू नेता आजाद के साथ जुड़े थे या तो वे सीधे भाजपा से जुड़ जाएंगे या कांग्रेस में लौट जाएंगे। बहरहाल, आजाद ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के नाम पर ताराचंद को पार्टी से निकाला, जो एक बड़े दलित नेता हैं। उनके अलावा मनोहर लाल शर्मा, विनोद शर्मा जैसे नेता हटाए गए, जिसके बाद 126 नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। पार्टी छोडने वालों में एमके भारद्वाज भी थे, जो जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। कहा जा रहा है कि राहुल की यात्रा कश्मीर पहुंचेगी तो आजाद की पार्टी के और भी नेता कांग्रेस में शामिल होंगे।

# नेपाल की नई सरकार और भारत

**हालांकि, भारत और नेपाल, दोनों समान संस्कृति और मूल्यों वाले पड़ोसी हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंध निर्धारित दायरे से बाहर नहीं निकल पाए हैं, तो इसकी बड़ी वजह कहीं न कहीं नेपाल का चीन प्रेम ही है। ओली के समर्थन से बन रही नेपाल की नई सरकार भारत के साथ रिश्तों को किस तरह आगे बढ़ाती है, यह अगले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा...**

डॉ. एन. के. सोमानी

कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल–माओवादी सेंटर (सीपीएन–एमसी) के मुखिया पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड नेपाल के नये प्रधानमंत्री होंगे। रविवार को तेजी से बदले सियासी घटनाक्रम में उस वक्त नाटकीय मोड़ आ गया जब गठबंधन सरकार में शामिल प्रंचड पाला बदल कर ओली के खेमे में चले गए थे। दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के साथ–साथ प्रधानमंत्री पद के लिए प्रचंड के नाम की सहमति बनी। प्रचंड तीसरी बार नेपाल के पीएम बन रहे हैं। पहली बार 2008–09 और दूसरी बार 2016–17 तक नेपाल के पीएम रह चुके हैं। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए नवम्बर में चुनाव हुए थे। चुनाव नतीजों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस को सबसे अधिक 80 सीटें मिलीं। ओली की पार्टी को 78 सीट और प्रचंड की पार्टी को महज 30 सीटें मिली हैं। इसके बावजूद वे नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में पहले ढाई साल के लिए पीएम बनना चाहते थे। दूसरी ओर, नेपाली कांगेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने पर अड़ी हुई थी। उधर, राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए निर्धारित समय सीमा रविवार को शाम पांच बजे समाप्त हो रही थी। देउबा के साथ बातचीत विफल होने के बाद प्रचंड प्रधानमंत्री पद के समर्थन के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल–यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन–यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के निजी आवाज पर पहुंचे जहां दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के फार्मूले पर सहमति हुई। सहमति की शर्त के मुताबिक सीपीएन–यूएमएल समेत छह पार्टियों के समर्थन से प्रचंड पहले ढाई साल के लिए नेपाल की कमान संभालेंगे और अगले ढाई साल के लिए सीपीएन–यूएमएल के नेता केपी शर्मा ओली नेपाल के पीएम होंगे। प्रचंड के ओली के गठबंधन में शामिल होने के बाद नेपाल की तीनों प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता प्रचंड, ओली और माधव कुमार नेपाल एक खेमे में आ गए हैं। प्रचंड और ओली, दोनों भारत विरोधी माने जाते हैं। ऐसे में सवाल है कि आने वाले दिनों में भारत–नेपाल संबंध किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है क्योंकि अपने प्रचार अभियान के दौरान ओली कह चुके हैं कि अगर वे सत्ता में आते हैं, तो भारत के क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को वापस लेकर आएंगे। ये क्षेत्र सदियों से भारत के पास हैं। अब प्रचंड के साथ ओली सत्ता में हैं, तो निश्चित ही चुनावी वादा पूरा करने के लिए भारत के साथ तनाव को हवा देंगे। दूसरा, ओली की चीन परस्ती पहले से ही जग जाहिर है। हालांकि, नेपाली कांग्रेस के साथ काम करते हुए प्रचंड के भारत विरोध रुख में बदलाव आया है। फिर भी सवाल तो परेशान करता ही है कि अगर प्रचंड का चीन प्रेम जाग उठा तो भारत, नेपाल के रास्ते आने वाली रणनीतिक चुनौतियों से कैसे निबट सकेगा। नवम्बर, 2019 में जब नेपाल में ओली की सरकार थी, उस वक्त कालापानी इलाके पर नेपाल ने दो टूक कह दिया था कि भारत को इस क्षेत्र से अपनी सेना हटा लेनी चाहिए। उस वक्त भी सवाल उठा था कि ओली की आक्रामक भाषा के पीछे कहीं चीनी मनसूबे तो काम नहीं कर रहे। हालांकि, 2014 में नरेन्द्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री कोइराला ने कालापानी का मुद्दा उठाया था और कालापानी पर नेपाल का अधिकार बताते हुए इसे हल करने की अपील की थी। 1996 में कालापानी इलाके के संयुक्त विकास के लिए महाकाली संधि के तुंरत बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने कालापानी पर दावा करना शुरू कर दिया। उधर, चीन लंबे समय से इस इलाके पर कब्जा करने की कोशिश करता रहा है। चीन की शह पर ही नेपाल में जब–तब कालापानी को लेकर प्रदर्शन होते रहे हैं। यह वही जगह है जहां भारत 1962 के युद्ध में चीन के समक्ष मजबूती से डटा हुआ था। भारत को डर है कि अगर कालापानी नेपाल के अधिकार क्षेत्र में चला गया तो चीन वहां अपने पांव जमा लेगा। भारत की घेराबंदी में जुटे चीन की भी यही मंशा है। चीन की महत्त्वाकांक्षी परियोजना वन बेल्ट वन रोड में सहयोगी होने और व्यापारिक हितों के कारण नेपाल का झुकाव भारत से कहीं अधिक चीन की ओर है। नवम्बर, 2019 में पीएम मोदी ने काठमांडू में हुए बिम्सटेक देशों के सामने सैन्य अभ्यास का प्रस्ताव रखा तो ऐन वक्त पर चीन के दबाव में नेपाल ने सैन्य अभ्यास में शामिल होने से इंकार कर दिया जबकि बाद में उसने चीन के साथ सैन्य अभ्यास में भाग लिया था। भारत और नेपाल के बीच भारतीय सेना की गोरखा बटालियन में गोरखा सैनिकों की भर्ती के मुद्दे पर भी तनातनी की स्थिति बनी हुई है। नेपाल नाराज है कि भारत सरकार ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर उससे चर्चा तक नहीं की। नेपाली विदेश मंत्री नारायण खड़के नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मिलकर इस योजना के तहत नेपाली युवकों की भर्ती की योजना को स्थगित करने की मांग कर चुके हैं। नेपाल का आरोप है कि अग्निपथ योजना नवम्बर, 1947 में भारत–ब्रिटेन एवं नेपाल के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। हालांकि, भारत ने नेपाल को आश्वस्त किया है कि अग्निपथ योजना के सारे फायदे, जो भारतीय युवाओं को मिलेंगे, नेपाल के गोरखाओं को भी हासिल होंगे। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की नेपाल की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब भारत ने भी दो टूक कह दिया है कि अगर नेपाली गोरखा अग्निवीर बनने के लिए नहीं आते हैं, तो उनकी खाली जगह को भारत में रह रहे गोरखाओं से भरा जाएगा। अभी 30 हजार से अधिक गोरखा भारतीय सेना में हैं। नेपाल में अग्निपथ योजना के तहत 1300 सैनिकों की भर्ती की जानी है।

# वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर उभरा मध्यप्रदेश

**आर्थिक क्षेत्र में भी प्रदेश की उल्लेखनीय सफलता वर्ष 2022 में रेखांकित हुई है। हाल ही में मध्यप्रदेश के प्रवास पर आई केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी इसके लिये प्रदेश की सराहना की। वित्तीय और लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन (पीएएम) के क्षेत्र में प्रदेश आगे रहा है। आर्थिक वृद्धि दर 19.74 प्रतिशत रही, जो देश में सर्वाधिक है। प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। वित्तीय प्रबंधन में राज्य ने अनेक नवाचार...**

मध्यप्रदेश के लिये वर्ष 2022 कई अर्थों में ऐतिहासिक रहा। जन–मानस के स्मृति पटल पर कई घटनाएँ वर्षों तक अंकित रहेंगी। कोविड की चुनौतियों को परास्त करते हुए वर्ष 2022 की शुरूआत से ही मध्यप्रदेश ने नया इतिहास लिखना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्म–निर्भर मध्यप्रदेश की नींव मजबूत करने की शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश के समकालीन सामाजिक–आर्थिक और पर्यावरणीय इतिहास में ऐसी अभूतपूर्व घटनाएँ 2022 में हुई, जो वैश्विक स्तर पर भी छाई रही।

0–चीतों की पुनर्स्थापनारूपालपुर कूनो राष्ट्रीय उदयान में चीतों की पुनर्स्थापना का सपना सच हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्म–दिन पर पालपुर कूनो में नामीबिया से लाए चीतों को छोड़ा। यह विश्व के वन्य–जीव इतिहास की अनूठी और अभूतपूर्व घटना थी। इससे मध्यप्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर गौरवशाली स्थान मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत में चीतों की वापसी से अब जैव विविधता की टूटी कड़ी पुनरू जुड़ गई है। भारत की प्रकृति प्रेमी चेतना भी पूरी शक्ति से जाग्रत हो गई है। आज भारत की धरती पर चीता लौट आया है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। उन्होंने यह भी सीख दी कि प्रकृति और पर्यावरण के सरंक्षण में ही भविष्य सुरक्षित है।

0–इंदौर के मॉडल ने विश्व का ध्यान आकर्षित कियारूइंदौर में पर्यावरणीय इतिहास का नया अध्याय शुरू हुआ। शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने के इंदौर मॉडल ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बनेगा। इंदौर के देवगुराडिया क्षेत्र में कभी कूड़े के पहाड़ थे, अब 100 एकड़ की डंप साइट ग्रीन जोन में परिवर्तित हो गई है। इंदौर में गोबर–धन बायो सीएनजी प्लांट बनने से वेस्ट–टू–वेल्थ तथा सर्कुलर इकोनामी की परिकल्पना साकार हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इंदौर में गोबर–धन बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण किया।


प्रधानमंत्री ने ग्लासगो जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में वर्ष 2070 तक कार्बन उत्सर्ज को नेट जीरो करने का लक्ष्य दोहराया। इसमें मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अपना योगदान दे रहा है। लक्ष्य बड़ा है लेकिन शुरूआत उत्साहजनक और ऊर्जा से भरपूर है।

0–महाकाल लोक की धूमरूप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उज्जैन में श्महाकाल लोकक्य का लोकार्पण भारत के आध्यात्मिक इतिहास की अभूतपूर्व घटना है। प्रधानमंत्री के अनुसार भारत के सांस्कृतिक वैभव की पुनर्स्थापना का लाभ न केवल भारत को अपितु पूरे विश्व एवं समूची मानवता को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने अपने आध्यात्मिक ओजपूर्ण उदबोधन में कहा कि श्महाकाल महालोकक्य दिव्य है। यहाँ सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है। महाकाल की आराधना अन्त से अनन्त की यात्रा है, आनन्द की यात्रा है, इससे काल की रेखाएँ भी मिट जाती हैं। महाकाल लोक आने वाली कई पीढियों को अलौकिक दिव्यता और सांस्कृतिक ऊर्जा की चेतना प्रदान करेगा। उन्होंने इस अद्भुत कार्य के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मन्दिर समिति का अभिनन्दन किया।

0–परिवर्तनकारी निर्णयरूजनजातीय समुदाय के हित में पेसा कानून लागू करना सरकार का अभूतपूर्व निर्णय है। पेसा एक्ट जनजातीय समाज को सफलता के शिखर पर ले जायेगा। जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा एक्ट लागू होने से जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन का हक मिलेगा। पेसा एक्ट के माध्यम से जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदलने का काम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसे महा अभियान का स्वरूप दिया है। हर गाँव में समितियाँ बनेगी। इन समितियों में एक तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी। ग्राम सभाओं को अपने गाँव की जल, जंगल और जमीन के उपयोग का पूरा अधिकार होगा। छल–कपट से छीनी गई जमीन पर जनजातीय समाज को दोबारा अधिकार दिलवायेगा। गाँव की रेत, गिट्टी, पत्थर पर पहला हक जनजातीय सहकारी समितियों का होगा। गौण वन संपदा जैसे अचार की गुठली, महुए का फूल, महुए की गुल्ली, हर्रा, बहेड़ा, बाँस, आंवला,तेन्दूपत्ता आदि को बेचने, बीनने और इनके मूल्य निर्धारण का अधिकार भी अब ग्राम सभा के पास होगा। साथ ही ग्राम सभा,अमृत सरोवर और तालाबों का प्रबंधन भी करेगी। तालाबों में सिंघाड़ा उगाने, मछली पालन और मत्स्याखेट की सहमति भी ग्राम सभा देगी।

0–एक साल में एक लाख पदों पर भतीर्रूवर्ष 2022 में प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये मिशन के रूप में कार्य करते हुए आगामी 1 वर्ष में 1 लाख पदों पर भर्ती का बड़ा निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और संत रविदास स्व–रोजगार योजना में विगत एक वर्ष में 31 लाख 19 हजार से अधिक स्व–रोजगार के अवसर सृजित किये गये। 0–मध्यप्रदेश की तारीफरूछतरपुर में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन बढ़ाने के प्रयास को प्रधानमंत्री मोदी ने छतरपुर जिले की बड़ी उपलब्धि और दूसरे जिलों के लिए सीखने योग्य प्रयास बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कुपोषण को दूर करने के लिए दतिया जिध्ले में चलाए गए मेरा बच्चा अभियान की सफलता पर अभियान की प्रशंसा की। मेरा बच्चा अभियान से न सिर्फ आँगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी बल्कि कुपोषण भी कम हुआ है।

भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना में वित्त वर्ष 2021–22 में केन्द्रांश–राज्यांश की राशि के व्यय में मध्यप्रदेश 2,790 करोड़ की राशि का उपयोग कर प्रथम स्थान पर है। हर घर जल उपलब्ध करवाने में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है।






### January

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

### February

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | | | | |

### March

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### April

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

### May

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### June

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |

### July

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

### August

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

### September

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

### October

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

### November

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

### December

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

## Hindu Festivals Calendar 2023

Jan 02 : Vaikuntha Ekadashi
Jan 06 : Arudra Darshan
Jan 14 : Makara Sankranti
Jan 15 : Pongal
Jan 26 : Vasant Panchami
Jan 28 : Ratha Saptami
Feb 05 : Thaipusam
Feb 18 : Maha Shivaratri
Mar 08 : Holi
Mar 22 : Chaitra Navratri, Gudi Padwa, Ugadi
Mar 30 : Rama Navami

Apr 06 : Hanuman Jayanti
Apr 14 : Tamil New Year, Mesha Sankranti
Apr 15 : Vishu
Apr 22 : Akshaya Tritiya
May 04 : Narasimha Jayanti
Jun 20 : Jagannath Rath Yatra
Jul 03 : Guru Purnima
Aug 21 : Naga Panchami
Aug 25 : Varalakshmi Vratham
Aug 29 : Onam
Aug 30 : Raksha Bandhan
Sep 07 : Krishna Janmashtami

Sep 19 : Ganesh Chaturthi
Oct 21 : Maha Saptami
Oct 22 : Maha Ashtami
Oct 23 : Maha Navmi, Saraswati Pooja
Oct 24 : Dussehra, Vijayadashami
Nov 10 : Dhanteras
Nov 12 : Diwali/Deepavali
Nov 26 : Karthigai Deepam
Nov 27 : Karthik Purnima
Dec 05 : Kalabhairav Jayanti
Dec 23 : Vaikuntha Ekadashi
Dec 27 : Arudra Darshan

# तालीमी बेदारी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, तमाम मदरसों के बच्चों ने लिया हिस्सा

## बेदारी कार्यक्रम में उलेमाओं ने शिक्षा पर डाली रोशनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के बैदोला स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज में शनिवार को स्व0 मौलाना हफीजुल्लाह के सालाना फातिहा पर आयोजित तालीमी बेदारी प्रतियोगिता में जनपद सहित अन्य जिलों के मदरसों से बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुफ्ती मोहम्मद इजहार द्वारा तिलावते कलाम पाक से की गई। इसके बाद बच्चों ने केरात में भाग लिया। जिसमें से प्रथम स्थान में दारुल उलूम अमोनिया जमदा शाही के शाह मोहम्मद को प्रथम स्थान, जियाउल कुरान लखनऊ के अबू कादरी दारुल उलूम अलीमियां



जाम ए अशरफ दरगाह किछौछा शरीफ के मोहम्मद फरहान को द्वितीय स्थान मदरसा हनीफिया सहमा को तृतीय स्थान मिला। मुख्य अतिथि के रूप में आए मौलाना मोहम्मद मुफ्ती निजामुद्दीन बस्ती ने कहा कि शिक्षित समाज में मदरसे के बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। तमाम ऐसे बच्चे जो मदरसों से पढ़ कर आगे बढ़ रहे हैं। जो अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अभिभावक पहल करें। अंत में उन्होंने प्रोग्राम में भाग लेने वाले छात्रों की तारीफ करते हुए कहा कि यह बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी करके नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में हजरत कारी खलकुल्लाह खलीक फैजी दारुल उलूम बराव शरीफ, हजरत कारी जाकिर अली मदरसा हनीफिया लखनऊ, हजरत कारी कमरुद्दीन बराव शरीफ, मौलाना हामिद रजा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध यक्षता मौलाना मसूद अकरम ने किया। इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद इजहार, मौलाना सफीक निजामी, इस्लाम फैजी, मौलाना अतीकुल्लाह, मास्टर मिसबाहुद्दीन, कारी मोहम्मद आरिफ, कारी अबरार अहमद, कारी सिराज अहमद, मौलाना अरशदुल कादरी, मौलाना बरकत अली, मौलाना इकबाल, अहमद शहजाद हुसैन, डॉक्टर मोहम्मद हुसैन, अफजान फारुकी, रशीद फारूकी, इरफान मिर्जा, आबिद अली, मारूफ हुसैन आदि की उपस्थिति रही।

# अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने किया मुक्तिधाम का लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर क्षेत्र के शास्त्रीनगर वार्ड मे स्थित मुक्तिधाम का लोकार्पण शनिवार को नपा अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी





ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ने कहा कि यह मुक्तिधाम सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। अभी हाल मे परिसर मे इन्टर लाकिन्ग व सुन्दरीकरण का कार्य किया गया है। उन्होनें कहा कि अब मुक्ति धाम पर आने वाले लोगों को वर्षा ऋतु मे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था अब यहा आने वाले लोगो को किसी भी दिक्कत का सामना नही करना पड़ेगा। इस अवसर पर कवि डा ज्ञानेन्द्र दिवेदी दीपक, ई ओ विन्ध्याचल, सभासद अरुण गुप्ता, सैयद मो कुतुब, कवि डा सुशील सागर, मो हारून, इशरत जमील, के सी त्रिपाठी, अंकित मिश्रा, साकिर अली, नित्यानंद वर्मा, लक्ष्मण निषाद, संतराम आजाद, फूल चंद्र, सहायक अवर अभियंता कारीम राईनी सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# थाना शिवनगर में हुआ सैनिक सम्मेलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर





के आदेश तथा सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण के क्रम में देवी गुलाम, क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में राजेश कुमार शुक्ला थानाध्यक्ष शिवनगर डीडई जनपद सिद्धार्थ नगर के कुशल नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई पर आज दिनांक 31.12.2022 थानाध्यक्ष द्वारा थाना स्थानीय पर सैनिक सम्मेलन किया गया जिसमें थाना स्थानीय कार्य सरकार व अवकाश के अलावा समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे दौरान सैनिक सम्मेलन उच्च अधिकारी गण द्वारा प्राप्त आदेशों व निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया मीटिंग में सभी अधिकारी कर्मचारी गणों से उनके सरकारी व निजी समस्या के बारे में पूछा गया तो कोई भी समस्या से अवगत नहीं कराया तथा आने वाले नववर्ष की पूर्व संध्या तथा नव वर्ष के कार्यक्रमों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा रात्रि गश्त में सतर्कता पूर्वक निर्धारित समय पर ड्यूटी पर रहने हेतु अवगत कराया गया तथा जब भी अपने बीट क्षेत्र में जाएंगे तो चौकीदारध्ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करेंगे साथ ही साथ अपराधियों का सत्यापन करेंगे तथा सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे।

# बालश्रम उन्मूलन हेतु चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश




सोनभद्र। शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी के आदेश पर थाना एएचटीयू, श्रम विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम द्वारा पन्नूगंज व रामपुर बरकोनियां थाना क्षेत्र में होटल, ढाबों, ऑटो पार्ट्स गैराजों आदि जगहों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाकर सघन चेकिंग की गई इस दौरान बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करवाकर नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए निरीक्षण नोट जारी किया गया। और लोगों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया साथ ही साथ उनके बेहतर भविष्य के लिए स्कूली शिक्षा पर बल देते हुए लोगो से अपील की गई ताकि बच्चो का भविष्य उज्ज्वल हो, और बालश्रम पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुयश पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण इकाई से ओआरडब्ल्यू शेषमणि दुबे, थाना एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक राम यादव, हेड का० धनंजय यादव, आरक्षी अमन द्विवेदी मौजूद रहे।

# 1 जनवरी से ठोठरी बाजार मे 4 दिवसीय नशामुक्त कुश्ती दंगल का आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कोतवाली लोटन बाजार के चौकी ठोठरी बाजार मे नव वर्ष के शुभ अवसर पर एवं हर वर्ष कि भांति 1 जनवरी से विशाल 4 दिवसीय नशामुक्त कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी अयोध या से आये हनुमान गढ़ी के 1008 बाबा हनुमान दास शीतल गंज रामजानकी मंदिर के महंत हनुमान दास के शिष्य व अंतराराष्ट्रीय पहलवान केसवदास हनुमान गढ़ी जनपद अयोध्या ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने बातया की इस नशा मुक्त दंगल मे देश विदेश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलावनो का आगमन होगा। उन्होंने कहा कि उक्त दंगल का आयोजन अयोध या हनुमान गढ़ी के 1008 बाबा हनुमान दास शीतल गंज रामजानकी मंदिर के महंत हनुमान दास के कुशल निर्देशन मे युवाओं को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे उन्होंने बताया कि कुश्ती दंगल मे प्रतिभाग करने वाले प्रथम विजेता पहलवान को 5100 रुपये और एक गदा ,दूसरे विजेता को 3100 व तृतीय विजेता पहलवान को 2100 रुपये एवं चौथे विजेता पहलवान को 1100 रुपये से सम्मानित किया जायेगा।

# ग्रामसभा चड़ेरिया मे चौपाल लगा कर बीडीओ ने सुनी जन समस्या

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर। गोला ब्लॉक के ग्राम पंचायत चड़ेरिया में गांव की समस्या का गांव में निस्तारण योजना के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें खण्ड अधि ाकारी गोला रघुनाथ सिंह उपस्थित रहे। खण्ड अधिकारी ने ग्रामीणों से मुखातिब होते हुए कहा कि ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य आप सभी तक भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही



योजनाओं का लाभ पहुच रहा है या नही, यदि कोई समस्या हो तो आप सब बताए जिसका निस्तारण कराया जाय। ग्रामीणों ने ज्यादा तर राशन कार्ड की समस्या, पेंशन और आवास की समस्या बताई जिसपर खण्ड अधिकारी ने इन सारी समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम विकास अधिकारी और प्रधान से कहा कि इसका जांच पड़ताल कर के इसका तत्वरीत समाधान करें। इस अवसर पर प्रधान शैलष यादव,ग्राम विकास अधिकारी अमीत कुमार,रोजगार सेवक रीना, कम्प्यूटर आपरेटर संयोगिता सिंह, सुर्य भान सिंह, दुलारी देवी, शकुंतला ज्ञान्ती देवी आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्वापक औषधियों के अवैध व्यापार को लेकर प्रशासन सर्तक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं





पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में स्वापक औषधि ा एवं मनः प्रभावी पदार्थों की अवैध तस्करी और व्यापार की रोकथाम हेतु की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा स्वापक औषधियों के अवैध व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देश दिये गये, औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे नेपाल बॉर्डर स्थित औषधि की दुकानों का निरीक्षण पुलिस, एस०एस०बी० एवं आबकारी विभाग के साथ संयुक्त टीम बना कर करें। नव वर्ष के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के लिए समस्त इकाइयों को निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह, एस०एस०बी० के कमांडिंग ऑफिसर, औषधि निरीक्षक प्रतिनिधि ा एवं समस्त आबकारी निरीक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# नगर पालिका ने किया धुमधाम से वरिष्ठ लिपिक की विदाई





दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक रवि कुमार गुप्ता, गणेश मौर्य, सफाई नायक रामचरण यादव व सफाई कर्मी नंदलाल के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने कहा कि सेवा निवृत हो रहे सभी कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया है। मैं सभी कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। ई ओ विन्ध्याचल ने सेवा निवृत कर्मियों को फूल माला पहना कर विदा किया। तत्पश्चात सेवानिवृत कर्मियों को रामायण, अंग वस्त्र, छाता टार्च आदि देकर विदा किया गया। इस अवसर पर सभासद मो इरफान, अरुण गुप्ता, संतराम आजाद, रामगोपाल अग्रहरि, बजरंगी वर्मा, फूल चंद्र, रविन्द्र वर्मा, लक्ष्मण निषाद, निलेश निषाद सैयद मोहम्मद कुतुब, जमील अहमद, अम्रेन्द्र कुमार, राम कुमार आदि मौजूद थे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर



## बुद्ध स्तूप पूजन

## नगर पंचायत कपिलवस्तु की ओर से समस्त नगरवासियों को

## नव वर्ष-2023

## की मंगल कामना एवं अपील

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में निकाय को सर्वोच्च स्थान दिलाने में सहयोग प्रदान करें।**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### नगर वासियों से विनम्र अपील

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



**संदीप कुमार**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर



**सूरज प्रताप सिंह**
लेखालिपिक
नगर पंचायत कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर

- ✔ 01 जुलाई, 2022 से प्रत्येक प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतया बैन है। पॉलिथीन पर्यावरण को क्षति पहुँचाता है इसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैले का प्रयोग करें।
- ✔ थर्माकोल की बनी सामग्री, सजावट का सामान, बर्तन आदि पूर्ण रूप से बन्द है।
- ✔ पॉलीथीन, प्लास्टिक गिलास, चम्मच आदि समस्त सामान का उपयोग
- ✔ विनिर्माण/विक्रय, भण्डारण परिवहन पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
- ✔ सार्वजनिक स्थल व सड़कों के पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
- ✔ आप अपने नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
- ✔ नगर की पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति न पहुँचायें ।
- ✔ सड़क, नाला व नाली में कूड़ा न फेकें, उसे कूड़ेदान में ही डालें ।
- ✔ अपने घरों/दुकानों का कूड़ा निर्धारित समय पर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मचारियों की उपलब्ध कराएं ।
- ✔ संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए अपने आस-पास सफाई रखें ।
- ✔ नगर को हरा-भरा रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ जरूर लगाएं।
- ✔ स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 हेतु स्वच्छता ऐप (MoHUAAPP) डाउनलोड करें ।



**संजीव रंजन**
जिलाधिकारी,सिद्धार्थनगर



**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी/(वि.रा)
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय

## दो गज की दूरी। मास्क है जरूरी।।